रेल विकास निगम लिमिटेड
Rail Vikas Nigam Limited
गुणवत्ता, गति एवं पारदर्शिता
(A Government of India Enterprise)

मुख्य परियोजना प्रबंधक कार्यालय
(ऋषिकेश–कर्णप्रयाग नई रेल लाईन परियोजना)
Office of Chief Project Manager
(Rishikesh-Karanprayag New BG Rail Line Project)
RVNL Office Building, Opp. GST Bhavan, Next to GMVN, Shyampu
Bypass Road, Rishikesh - 249201
Email: rvnlrksh1@gmail.com, Tel: +91-135-2432008

**RVNL/RKSH/FRST(Cors)/1/2020/CIVIL/RKSH/1753** **Dated:28.03.2022**

सेवा में,

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग,
रूद्रप्रयाग

विषय– जनपद रूद्रप्रयाग में 126 कि0मी0 ऋषिकेश–कर्णप्रयाग नई ब्रॉड गेज रेल लाईन के निर्माण से सम्बन्धित वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में।
ऑन लाईन प्रस्ताव संख्या– **FP/UK/RAIL/148843/2021 (0.4769 Ha)** नगरासू

संदर्भ– आप का पत्रांक **2661/12-1(2)** दिनांक 16 मार्च 2022।

महोदय,

उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत 126 कि0मी0 ऋषिकेश–कर्णप्रयाग नई ब्रॉड गेज रेल लाईन के निर्माण हेतु जनपद रूद्रप्रयाग की तहसील रूद्रप्रयाग में रूद्रप्रयाग वन प्रभाग की रूद्रप्रयाग रेन्ज के अन्तर्गत ग्राम नगरासू में 0.4769 है0 सिविल सोयम वन भूमि के प्रत्यावर्तन हेतु ऑन लाईन प्रस्ताव सं0 FP/UK/RAIL/148843/2021 अपलोड करने के बाद प्राप्त पृच्छा (Query) के अनुपालन में निम्नलिखित बिन्दुओं पर सूचना निम्न प्रकार है।

| क्र0सं0 | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्ताव में आन लाईन भरे गये **B2.1, B2.2** एवं **B2.4** में हस्तान्तरित वन भूमि के क्षेत्रफल में भिन्नता पाई गयी है। कृपया सही क्षेत्रफल अंकित करें। | ऑन लाईन अपलोड किये गये प्रस्ताव के बिन्दु सं0 **B2.1, B2.2** एवं **B2.4** कम्पोनेन्ट वाईज– यहाँ सिस्टम में लम्बाई और चौडाई का मान कि0मी0 में भरा जाना है और सिस्टम स्वतः ही क्षेत्रफल की गणना डेसिमल के 5 या 6 अंको तक करता है। सिस्टम द्वारा गुणित क्षेत्रफल को राउण्ड अप करने पर क्षेत्रफल का मूल्य प्रस्तावित मूल्य के बराबर ही है। अतः हमारे द्वारा प्रस्तुत जस्टिफिकेशन को स्वीकार करें। अन्य त्रुटियों को दूर कर प्रस्तुत कर दिया गया है। उक्त वाँछित स्थानों पर हस्तान्तरण हेतु प्रस्तावित वन भूमि के क्षेत्रफल में संशोधन कर एकरूपता लाई गई है। |
| 2. | प्रस्ताव में आनलाईन भरे गये **B2.3, Village Wise breakup** में लाभान्वित ग्राम के नाम एवं वन भूमि का क्षेत्रफल अंकित नहीं किया गया है कृपया लाभान्वित ग्राम का नाम क्षेत्रफल सहित अंकित करें। | ऑन लाईन अपलोड किये गये प्रस्ताव के बिन्दु सं0 **B2.3, Village Wise breakup** में लाभान्वित ग्राम के नाम एवं वन भूमि का क्षेत्रफल अंकित किया गया है। लाभान्वित ग्राम का नाम व क्षेत्रफल अंकित किया गया है। |
| 3. | प्रस्ताव में आन लाईन भरे गये B2,4 Component Wise breakup में वन भूमि का प्रकार (Type of forest land) अंकित नहीं किया गया है। कृपया वन भूमि की वैद्यानिक स्थिति सिविल सोयम है या आरक्षित वन है। सहीं प्रकार अंकित करें। | ऑन लाईन अपलोड किये गये प्रस्ताव के बिन्दु सं0 बी 2.4 में Component wise breakup में वन भूमि का प्रकार अंकित कर दिया गया है। |
| 4. | प्रस्ताव में आन लाईन भरे गये पैरा–E में परियोजना निर्माण से 450 पद सृजित होना अंकित किया गया है। कृपया स्पष्ट करें कि क्या परियोजना निर्माण से वास्तविक रूप से 450 पदों का सृजन हो रहा है अथवा नहीं , उक्त सम्बन्ध में स्पष्ट उल्लेख करे। | रेल विकास निगम लि0 द्वारा कराया गया "लागत लाभ विश्लेषण (Cost Benefit Analysis)" के क्रमांक 2.2 a एवं 2.2 b प्रत्यक्ष स्थायी रोजगार (Direct Permanent employment ) की संख्या–450 और निर्माण के दौरान, अस्थायी प्रत्यक्ष रोजगार की संख्या 15352000 अंकित है। प्रति आपके संदर्भ के लिए संलग्न है। |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | प्रस्ताव में पैरा– G में (Cost Benefit Analysis) भरकर संलग्न किया गया है। चूँकि परियोजना 5.00 है0 से कम क्षेत्रफल की है। अतः उक्त हेतु लागत लाभ विश्लेषण की आवश्यकता नहीं है। अतः उक्त पैरा में अंकित सूचना को हटाने का कष्ट करें। | प्रस्ताव के पैरा जी में अंकित (Cost Benefit Analysis) आवश्यक न होने के कारण हटा लिया गया है। |
| 6. | प्रस्ताव में मक डिस्पोजल प्लान अपलोड नहीं किया गया है। कृपया विस्तृत मक डिस्पोजल प्लान अपलोड करें। तथा बताये कि परियोजना निर्माण के दौरान कितना मलबा उत्सर्जित होना है और उसको कहाँ–कहाँ निस्तारित किया जाना है। एवं निस्तारण स्थल की क्षमता कितनी है। साथ में उल्लेख करते हुए मक डिस्पोजल योजना प्रस्ताव में अपलोड करने का कष्ट करें। | उपरोक्त अंकित दोनो वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव में मक निस्तारण योजना की प्रतियां संलग्न की गई है। |

संलग्न–उपरोक्तानुसार

भवदीय

24/03/2022

मुख्य परियोजना प्रबन्धक

रेल विकास निगम लि0

प्रतिलिपि– वन संरक्षक गढ़वाल वृत्त, पौड़ी